Title: Regarding alleged irregularities in implementation of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Misrikh Parliamentary Constituency- laid

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उ०प्र०) के हरदोई जनपद में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से वर्ष 2021-22 में पैकेज संख्या यूपी 33175 (जीएमएम रोड से नेवादा पारस (मल्लावां) पुराना कार्य) का कार्य करवाया गया है, जिसकी गुणवत्ता अत्यन्त ही खराब होने के कारण सम्पर्क मार्ग उखड़ने लगे हैं ।

दूसरे, मेरे क्षेत्र के अन्तर्गत बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में भी पैकेज संख्या यूपी 4187 (शिवली सकरवां मार्ग), यूपी0 4188 (अलियापुर खरपतपुर से मलखरा वाया उटठा मार्ग), यू०पी० 4189 (बिल्हौर ककवन से मितुई निवादा मार्ग), यूपी 4164, यूपी 4165 का एफडीआर टैक्नॉलॉजी से निर्माण कार्य चल रहा है । इन मार्गों के निर्माण कार्य में भी कथित रूप से बहुत ही घटिया स्तर की सामग्री उपयोग में लायी जा रही है तथा ग्रेडिंग और गुणवत्ता भी सही नहीं है ।

मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत कानपुर-नगर की जिलास्तरीय दिशा कमेटी की बैठक के दौरान भी अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित आधी-अधूरी जानकारी देकर जन-प्रतिनिधियों को गुमराह करने का प्रयास किया जाता है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित सभी पैकेजों की केन्द्रीय मंत्रालय स्तर पर एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित करवाकर उससे सघन जांच करवाए जाने एवं केन्द्रीय राजस्व के दुरूपयोग को तत्काल प्रभाव से रोकने और जांचोपरांत इसमें संलिप्त अभियंताओं के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ।